बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :–03/02/भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)सुपौल–32/2023 2340 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 106 दिनांक 19.01.2023 द्वारा श्री सुजीत कुमार मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02665) के विरूद्ध निदेश के बावजूद आपत्ति का स्थलीय जांच प्रतिवेदन जमा नहीं करने, अनाधिकृत अनुपस्थित रहने कार्यो में रूचि नहीं लेने संबंधी कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1539 दिनांक 15.02.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित गया है।

आरोपित के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप एवं प्राप्त स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत यह पाया गया कि आरोपित द्वारा पत्नी के गर्भवनी होने के कारण अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का तर्क दिया गया है। साथ ही जांच प्रतिवेदन जमा कर देने की बात कही गयी है।

आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत आरोपित द्वारा दिया गया तर्क संतोषजनक नहीं है, परन्तु इनके कार्य संस्कृति में सुधार लाने के दृष्टिगत तत्काल 01 माह के मानदेय की कटौती करते हुए श्री सुजीत कुमार मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02665) को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है। साथ ही यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में सुधार नहीं लाने एवं इनके कार्यो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर इनका सेवा समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 23/3/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–03/02/भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)सुपौल–32/2023 2340 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– श्री सुजीत कुमार मंडल, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02665), बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–03/02/भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)सुपौल–32/2023 2340 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–03/02/भू0अ0नि0राज्य यो0(आरोप)सुपौल–32/2023 2340 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक 23/3/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप